हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

देश आज 80वां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ऐतिहासिक लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र ध्वज फहराया। राष्ट्र को स्वीधनता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर दिल की धड़कन वंदे मातरम के गायन से गूंज रही है।

*आजादी के बाद 15 अगस्त को लालकिले पर पहली बार वंदे मातरम् गूंज रहा है। आज हम जब देश के लोग वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष मना रहे हैं इससे बडा उत्तम अवसर क्या हो सकता है।*

श्री मोदी ने कहा, हर घर तिरंगा है, मन तिरंगा है और देश उत्साह तथा उमंग के साथ नए संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज उन महान सपूतों का स्मरण कर रहा है जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान से देश को स्वतंत्र कराया। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तब महान बनता है, जब वह अपने सपनों, अपने संकल्पों और सामर्थ्य के दम पर आगे बढ़ता है। देश अब छोटे सपनों से नहीं बल्कि बड़े सपनों से चलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें अपनी कार्य संस्कृति, सोच और काम की गति को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य हासिल करने के लिए उन्हें युवा शक्ति, माता-बहनों, किसानों और मजदूरों पर पूर्ण भरोसा है। श्री मोदी ने विकसित भारत के लिए उत्पादन, कृषि, तकनीक, गतिशक्ति, रक्षा-शक्ति, हरित व्यवस्था और समुद्र मंथन को मिलाकर सप्त-धारा की घोषणा की। उन्होंने गतिशक्ति को सप्तधारा की चौथी शक्ति बताते हुए कहा कि निर्बाध और तेज कनेक्टिविटी पर बल देना होगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने में संसाधनों की नहीं, बल्कि सोच की सीमाएं बाधा होती हैं।श्री मोदी ने कहा कि देश में हाइड्रोजन से चलने वाली पहली रेलगाड़ी शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हमने दुनिया में हाइड्रोजन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

*देश से पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन शुरू कर दी है। और मुझे खुशी है कि यह सबसे लंबी ट्रेन है और दुनिया में हाइड्रोजन ट्रेन के क्षेत्र में भी भारत ने अपना झंडा गाड दिया है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद देश में सेमीकंडक्टर को लेकर कोई बड़ी योजना नहीं थी। उन्होंने कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में हम चिप का महत्व समझते हैं।

*कोई भी इलेक्ट्रोनिक गूडस होगा, हमारे मेडिकल इक्यूपमेंट होंगे, हमारे ट्रांसपोर्ट के रास्ते होंगे। हर किसी में चिप अनिवार्य हैं और इसे चिप के बिना दुनिया थम जाने की स्थिति पैदा होगी और इसलिए भारत में आत्मनिर्भर होने की दिशा में अपना सेमीकंडक्टर प्लान, बडा सेमीकंडक्टर प्लान, इन सेमीकंडक्टर प्लान शुरू हो चुका है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था ने नई रफ्तार पकड़ी है और नई गति से देश आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज भारत एक बहुत बड़े सपने के साथ आगे बढ़ रहा है। जब 2047 में स्वतंत्रता के सौ साल पूरे होंगे, हम विकसित भारत बना कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ भारतीयों के पुरूषार्थ से ही संभव है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से नशा मुक्त भारत के 100 सप्ताह के अभियान से जुड़ने की अपील की।

********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हांसी के सरकारी कॉलेज में राज्य-स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस परेड की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और औपचारिक सलामी ली। छात्रों और सुरक्षा कर्मियों ने "वंदे मातरम" की प्रस्तुति सहित देशभक्ति से ओत प्रोत कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर हरियाणा पुलिस के 11 अधिकारियों और कर्मियों को पदक से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'विकसित हरियाणा' के लिए राज्य के विजन पर खास जोर दिया।

उन्होंने राज्य को बदलने के सरकार के आधिकारिक मिशन को दोहराया। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से नशीले पदार्थों से दूर रहने, अपने आसपास सफाई बनाए रखने और राज्य-व्यापी नशा-मुक्ति अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान करते हुए अपना संबोधन समाप्त किया। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने यमुनानगर में एक अलग कार्यक्रम में तिरंगा फहराया, जबकि पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

*****************************************************************